हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–130 : जौनपुर, गुरुवार 19 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज आएंगे काशी : सीएम योगी करेंगे अगवानी

वाराणसी ब्यूरो : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज शाम सात बजे वाराणसी पहुंचेंगे। सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद शुक्रवार सुबह वह काशी विश्वनाथ मंदिर में काशीपुराधिपति का दर्शन पूजन करेंगे। फिर 11 बजे पुलिस लाइन से हेलीकॉप्टर से गाजीपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। साथ में सीएम योगी भी मौजूद रहेंगे। दोनों नेता गाजीपुर के आईटीआई मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष की अगवानी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी आज वाराणसी आएंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यकाल विस्तार के बाद पहले काशी आगमन पर पार्टी ने भव्य स्वागत की योजना बनाई है। शंख ध्वनि और पुष्प वर्षा के साथ होगा भाजपा अध्यक्ष का स्वागत नड्डा के आगमन पर एयरपोर्ट तिराहा, महादेव वाटिका और गोकुल धाम पर उनका स्वागत होगा। अतुलानंद स्कूल, सर्किट हाउस और मिंट हाउस पर महानगर के कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष का गाजे बाजे के साथ स्वागत करेंगे। 20 जनवरी को सुबह दस बजे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दर्शन पूजन के लिए काशी विश्वनाथ मंदिर जाएंगे। मंदिर यात्रा मार्ग में पड़ने वाले लहुराबीर और मैदागिन पर भाजपा कार्यकर्ता शंख ध्वनि और पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत करेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर काशी आएंगे। शाम में सीएम बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अगवानी करेंगे। यहां से सर्किट हाउस आकर रात्रि विश्राम करेंगे। उधर जेपी नड्डा नदेसर स्थित एक होटल में रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन योगी आदित्यनाथ भाजपा अध्यक्ष के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन



पूजन करने के बाद गाजीपुर रवाना हो जाएंगे। इधर मुख्यमंत्री के आने की सूचना पर प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया है। मुख्यमंत्री और जेपी नड्डा के आगमन पर रूट डायवर्जन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आगमन पर शहर के कई मार्गों पर रूट डायवर्जन होगा। शाम साढ़े सात बजे के बाद बाबतपुर चौराहा से शहर की ओर कोई वाहन नहीं आएगा। हरहुआ फ्लाईओवर के ऊपर से वाहन नहीं जाएंगे। इसी तरह शिवपुर, तरना की तरफ वाहन नहीं जाएंगे। इन्हें सेंट्रल जेल रोड की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। पुलिस लाइंस चौराहा और अर्दली बाजार के रूटों से सर्किट हाउस की ओर किसी भी वाहन को नहीं जाने दिया जाएगा। एडीसीपी ट्रैफिक डीके पुरीके अनुसार आगमन और प्रस्थान के समय ही सिर्फ यह डायवर्जन मान्य होगा।

## परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का जौनपुर में किया गया आयोजन

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की "परीक्षा पे चर्चा" से पूर्व आज डॉ रिजवी लर्नर्स एकेडमी जौनपुर में गुरुवार को भव्य आर्ट एवं पेंटिंग एग्जाम वॉरियर प्रतियोगिता संपन्न हुई। राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जौनपुर नगर क्षेत्र के कई छोटे–बड़े स्कूलों से जुड़े 500 से अधिक बच्चों ने सहभागिता निभाई। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया एवं परीक्षा पर चर्चा से संबंधित कई कलाकृतियां बनायीं। कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्वांचल विश्व विद्यालय के कुलपति श्रीमती निर्मला मौर्य ने कहा कि यह कोई प्रतियोगिता नहीं है बल्कि यह आपके लिए यह उत्सव है, जिसमें आप अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करेंगे। परीक्षा पर चर्चा आप बच्चों के लिए बहुत ही प्रेरणादायक कार्यक्रम होता है, जो आपको जीवन में हर परिस्थिति में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है इसलिए 27 जनवरी को प्रधानमंत्री जी की परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम हम सब को अवश्य सुनना चाहिए, उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि बिना किसी दबाव के इस उत्सव में भाग लें और अपनी रचनात्मकता को सामने लाएं ताकि आप हल्के माहौल में अपनी परीक्षाएं लिख सकें आपका परीक्षा का परिणाम आपके जीवन का परिणाम नहीं होता है, इसलिए किसी भी परिस्थिति में परीक्षा के परिणाम से घबराना नहीं चाहिए हमें हमेशा यह प्रयास करना चाहिए कि हम अपने जीवन में बेहतर काम करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि ज्ञान स्थायी है, इसे लक्ष्य बनाईये उन्होंने कहा कि स्वयं को जानिए, अपनी क्षमताओं पर गर्व कीजिये। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि आप बिना किसी दबाव के इस उत्सव में भाग लें और अपनी रचनात्मकता को सामने लाएं, ताकि आप हल्के माहौल में अपनी परीक्षाएं लिख सकें। परीक्षा का परिणाम आपके जीवन का परिणाम नहीं होता है, इसलिए किसी भी परिस्थिति में परीक्षा के परिणाम से घबराना नहीं चाहिए बल्कि हमेशा यह प्रयास करना चाहिए कि हम अपने जीवन में बेहतर काम करें। क्षेत्रीय संयोजक सांसद कमलेश झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के हर वर्ग से संवाद किया है, इसी क्रम में वह बच्चों से संवाद करते हैं, प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि यह परीक्षा जीवन की परीक्षा नहीं है इसलिए परिणाम की चिंता किए बगैर आप बेहतर नागरिक बनने के लिए काम करें। सबसे



पहले डॉ रिजवी लर्नर्स एकेडमी की प्रधानाचार्या डॉ रुचि शर्मा ने आये हुये अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित की और स्वागत भाषण दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ रिजवी लर्नर्स के विद्यार्थी दिव्यांश रघुवंशी और समृद्धि यादव ने सयुक्त रूप से किया। एग्जाम वारियर्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डॉ रिजवी लर्नर्स एकेडमी के मरियम शकील हैदर ने प्राप्त की एवं द्वितीय स्थान पर उमानाथ सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल से आदित्य विश्वकर्मा रहे और तृतीय स्थान पर मुक्तेश्वर प्रसाद बालिका इण्टर कालेज की चाँदनी निषाद रहीं। प्रथम तीन विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र दिया गया तथा 10 अति उत्तम बच्चों को प्रमाण पत्र और 25 उत्तम बच्चों को प्रमाण पत्र दिए गए । अन्य सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाणपत्र उपलब्ध कराया गया एवं विद्यालयों के प्रधानाचार्य व अध्यापकों को पुस्तक वितरण किया गया। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता, जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, कार्यक्रम की जिला सह संयोजक डीसीएफ चेयरमैन धनन्जय सिंह, जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, शनी जायसवाल, रविकांत सिंह, डॉ रिजवी लर्नर्स के टीचर शिप्रा सिंह, अजय मिश्रा, जितेन्द्र मिश्रा, प्रशांत मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों से कोई पैसा मांगे तो दर्ज कराए एफआईआर –बीडीओ काशी नाथ सोनकर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर विकासखण्ड कार्यालय में सचिवों के साथ गुरुवार को एक बैठक में बीडीओ काशी नाथ सोनकर ने निर्देशित करते हुए कहा कि उन्हें शिकायत मिली है कि नए प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों से कुछ लोग आवास पास करवाने के नाम पर पैसे की मांग कर रहे है। इस पर उन्होंने सचिवों को निर्देश दिया है कि प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों के घर– घर जाकर आवास लाभार्थियों से खुद मिले और उन्हें बताए कि सरकार के तरफ से उन्हें यह आवास निशुल्क प्रदान किया जा रहा है। यदि आवास पास करवाने के नाम पर कोई भी उनसे पैसे की मांग करता है तो वह सचिवों को तत्काल सूचित करें। तथा सम्बंधित सचिव इस मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेकर थाने में उन पर एफ आई आर दर्ज कराए। बैठक में बीडीओ ने सचिवों से अस्थाई गौशालाओं के व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान बैठक में एडीओ पंचायत लाल जी राम, सचिव राजेश यादव, धर्मेंद्र राय, अखिलेश कुमार गौड़, अरविंद यादव, श्रुति गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## लखीमपुर हिंसा मामले में आशीष मिश्रा की जमानत पर फैसला सुरक्षित : यूपी सरकार ने किया याचिका का विरोध

नई दिल्ली ब्यूरो : लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट बताया कि उसने आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत याचिका का विरोध किया था। साथ ही कोर्ट को अवगत कराया कि घटना के चश्मदीद गवाह ने आरोपी मिश्रा को मौके से भागते देखा था और यह बात चार्जशीट में भी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने कोर्ट में कहा कि अपराध गंभीर श्रेणी का है और ऐसे में आरोपी को जमानत देना समाज पर बुरा असर डाल सकता है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहा है। आशीष मिश्रा ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है, जिसमें हाईकोर्ट ने आशीष मिश्रा को हिंसा मामले में जमानत देने से इंकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने जब जमानत याचिका का विरोध करने की वजह पूछी तो उत्तर प्रदेश सरकार की एडिशनल एडवोकेट जनरल गरिमा प्रसाद ने जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जेके माहेश्वरी की पीठ को बताया कि अपराध गंभीर श्रेणी का है और आरोपी को जमानत देने से समाज में गलत संदेश जाएगा। आशीष मिश्रा की जमानत याचिका का विरोध करने वाले लोगों की तरफ से वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे कोर्ट में पेश हुए। दुष्यंत दवे ने भी कहा कि आरोपी को जमानत देने से समाज में गलत संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि यह एक साजिश और सुनियोजित तरीके से की गई हत्या थी। दवे ने कहा कि आरोपी एक प्रभावशाली व्यक्ति का बेटा है और इसका केस भी मजबूत वकीलों द्वारा लड़ा जा रहा है। वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी आरोपी आशीष मिश्रा की तरफ से कोर्ट में पेश हुए और दुष्यंत दवे की दलील का विरोध किया और कहा कि वह कौन है? कितना ताकतवर है? क्या यह जमानत ना देने की वजह है! मुकुल रोहतगी ने दलील दी कि उनका मुवक्किल बीते एक साल से ज्यादा समय से जेल में बंद है और जिस तरह से ट्रायल चल रहा है, वह पूरा होने में 7–8 साल लेगा। उन्होंने कहा कि जिस जगजीत सिंह ने मामले में शिकायत की है, वह चश्मदीद गवाह नहीं है और उसकी



शिकायत सिर्फ अफवाह पर आधारित है। मुकुल रोहतगी ने ये भी कहा कि उनका मुवक्किल अपराधी नहीं है और उसका कोई आपराधिक इतिहास भी नहीं है। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। बता दें कि लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी का बेटा आशीष मिश्रा आरोपी है। आरोप है कि अक्टूबर 2021 में लखीमपुर खीरी के तिकोनिया में प्रदर्शन कर रहे किसानों पर आशीष मिश्रा की कार ने किसानों को रौंद दिया था। जिसमें आठ किसानों की मौत हो गई थी। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने एसयूवी सवार लोगों पर हमला कर दिया था, जिसमें कार का ड्राइवर और दो बीजेपी कार्यकर्ता मारे गए थे। इस मामले में आरोपी आशीष मिश्रा जेल में बंद है। जमानत के लिए आरोपी आशीष मिश्रा ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी लेकिन बीते साल जुलाई में दिए अपने फैसले में हाईकोर्ट की आशीष मिश्रा की जमानत याचिका का खारिज कर दिया था। गौरतलब है कि तिकोनिया कांड में हाईकोर्ट ने पिछले साल 10 फरवरी को आशीष मिश्रा को जमानत दे दी थी लेकिन बाद में सुप्रीम कोर्ट ने जमानत आदेश को निरस्त करते हुए उच्च न्यायालय को निर्देश दिए थे कि वह पीड़ित पक्ष को पर्याप्त मौका देकर जमानत याचिका पर फैसला सुनाए। इस पर उच्च न्यायालय ने जमानत याचिका पर फिर से सुनवाई की थी।

## उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित हुई रोट्रैक्ट क्लब जौनपुर संस्था

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं को आम जनमानस तक पहुचाने के लिए निरंतर प्रयासरत युवाओं की सामाजिक संस्था रोट्रैक्ट क्लब जौनपुर को उत्तरप्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माननीय श्री दिनेश प्रताप सिंह जी ने अपने जनपद जौनपुर दौरे पर आयोजित कार्यक्रम में किया सम्मानित, मंत्री महोदय ने सामाजिक संस्था रोट्रैक्ट क्लब जौनपुर द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, समाजहित एवं लोकहित के लिए निरंतर किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा की आज की वर्तमान परिदृश्य में जहां व्यक्ति स्वयं के हित के अलावा किसी अन्य के बारे मे सोचता भी नही वहीं सामाजिक संस्था रोट्रैक्ट क्लब निस्वार्थ भाव से किसानो, युवाओं समेत हजारो जरूरतमंद लोगो की उनके जीवनोपयोगी संसाधनो को उपलब्ध कराकर निरंतर सेवा कर रही है, रोट्रैक्ट क्लब संस्था से हम सभी को सीख लेते हुए परोपकार का कार्य अवश्य करना चाहिए। युवाओं का नेतृत्व कर रही संस्था रोट्रैक्ट क्लब डिस्ट्रिक्ट 3120 की जनपद जौनपुर ईकाई के अध्यक्ष कुँवर शेखर गुप्ता, सचिव कुलदीप योगी समेत सभी रोट्रैक्ट सदस्यों का माननीय मंत्री महोदय ने पुष्प गुच्छ व स्मृतिचिन्ह



देकर सम्मानित किया, रोट्रैक्ट क्लब अध्यक्ष कुँवर शेखर गुप्ता ने इस उपलब्धि के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए रोट्रैक्ट क्लब के पूर्व मे किए गये कार्यो एवं भविष्य के कार्यों पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर माननीय मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, रोट्रैक्ट क्लब अध्यक्ष कुँवर शेखर गुप्ता, सचिव कुलदीप योगी, कोषाध्यक्ष अनन्या गुप्ता, सर्जेन्ट एट आर्म्स शशिकांत, डायरेक्टर ऑफ यूथ सर्विस अरसद खान, सदस्य रामू अग्रहरी, प्रतीक यादव, कनिष्का मिश्रा, साक्षी सिंह, स्वेछा रानी, स्वाती राज, विवेक रजक, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव, उपनिरीक्षक उद्यान विभाग जय करन सिंह समेत सैकड़ो किसान एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## 1 कि0 400 ग्रा0 अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के पर्यवेक्षण मे गुरुवार को पवारा पुलिस ने नाजायज गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार थानाध्यक्ष राजनारायन चौरसिया मय हमराही कर्मचारीगण द्वारा चेकिंग सदिग्धा व्यक्ति , वाहन के दौरान सजईकला तिराहे से आगे इण्डियन गैस एजेन्सी के पास से अभियुक्त दिनेश यादव पुत्र उदयराज यादव नि0 ग्रा 0 नेवादा, थाना पवाँरा के कब्जे से एक थैले मे एक किलो 400 ग्राम नाजायज गाँजा बरामद किया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त को समय साढ़े आठ बजे गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।गिरफ्तार करने वाली टीम में पवारा थानाध्यक्ष राजनारायन चौरसिया,अका0 रणविजय यादव, का0 तेज बहादुर आदि शामिल रहे।

## सभी दुकानदार मास्क लगा कर ही करें शराब की बिक्री – आबकारी निरीक्षक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आबकारी निरीक्षक आलोक सिंह ने अपनी टीम के साथ बुधवार को देर सायं बदलापुर स्तिथ देशी, विदेशी एवंम वीयर , खजुरन ढेमा देशी व सिंगरामऊ थाना स्थित देशी दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया कि दुकान पर भीड़ नहीं लगनी चाहिए और मॉस्क लगाकर ही शराब की बिक्री करें तथा लोगों को भी मास्क लगाने के लिए जागरुक करें। आबकारी निरीक्षक ने चेतावनी दी कि किसी प्रकार की मिलावटी शराब व अवैध शराब नहीं बिकना चाहिए तथा ओवर रेटिंग न की जाय, जो रेट निर्धारित है उसी रेट पर शराब बिकना चाहिए अन्यथा कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि निर्धारित समय पर ही दुकान खुलना चाहिए । निर्धारित समय के पहले दुकान खुली पायी जाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी । उन्होंने बताया की बिक्री ई–पास मशीन द्वारा की जाय। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि क्षेत्र में कहीं अवैध शराब बन रही हो या बिक रही हो तो तुरन्त मुझको या थाने पर सूचित करें। बताने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा ।इस चेकिंग अभियान से दुकानदारों में हड़कम्प मचा हुआ है।

## बेटी बचाओ बेटी पढाओं का संदेश देकर किया गया जागरूक

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बालिका सुरक्षा सप्ताह एवं बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासन एवं जिलाधिकारी हरदोई द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जनपद के रेलवे स्टेशन, जिला महिला चिकित्सालय, बाल परियोजना



कार्यालय पिहानी, स्वयंसेवी संस्था समाधान अभियान, कौशल विकास मिशन (सेण्टर सण्डीला ) उच्च प्राथमिक विद्यालय (बरहा, सुरसा) संविलियन व उच्च प्राथमिक विद्यालय (बावन) विभिन्न प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय आदि स्थानों पर बेटियों की सुरक्षा सम्मान व स्वावलम्बन हेतु शपथ ग्रहण एवं हस्ताक्षर अभियान चलाकर बालिकाओ, बालकों एवं आमजनमानस को शपथ दिलायी गयी जिसमे महिला कल्याण अधिकारी प्रियंका पाण्डेय, संरक्षण अधिकारी पिंकी देवी, जिला समन्वयक पल्लवी मिश्रा, मनोवैज्ञानिक पूजा पाल, केस चर्कर एकता चौरसिया, सामाजिक कार्यकर्ता राकेश राही, कम्प्यूटर आपरेटर अजय श्रीवास्तव, मंजू वर्मा इं० प्रधानाध्यापिका, पंकज अवस्थी प्रधानाध्यपक, पुष्पेन्द्र आदि द्वारा बालिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढाओं का संदेश देकर जागरूक किया गया एवं उनके अधिकारो के विषय मे तथा महिला कल्याण विभाग की समस्त योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

हार को जीत में बदलना हो तो अपनीं इच्छा को प्रभु की इच्छा में मिला दो।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# पलायन का परिणाम भी है जोशीमठ आपदा

हिमालयी राज्य उत्तराखण्ड में पलायन की समस्या अब जोशीमठ की जैसी आपदा के रूप में सामने आने लगी है। पलायन के कारण हो रहे जनसंख्या असंतुलन और दबाव के चलते मसूरी और नैनीताल सहित लगभग सभी पहाड़ी नगरों की बहनीय क्षमता या तो समाप्त हो चुकी है या समाप्त होने जा रही है। इन बोझिल नगरों पर भारी मानवीय दबाव का असर दरारों और जमीन के धंसने के रूप में सामने आने रहा है। जोशीमठ के अलावा कम से कम आधा दर्जन छोटे बड़े नगरों में जमीन पर दरारें आ गई हैं। इनमें कुछ सड़क, रेल और बिजली परियोजनाओं से तो कुछ अपने ही बोझ से धंस रहे हैं। राज्य सरकार ने स्वयं 465 गावों को पहले ही संवेदनशील घोषित किया है, जबकि परियोजनाओं के कारण कई अन्य रिहायशी इलाके संवेदनशील घोषित हो गए हैं। अंग्रेजों द्वारा 1840 के दशक में बसाए गए भारत के मशहूर पर्यटन नगर नैनीताल में 1880 तक तीन भूस्खलन आ चुके थे। 1880 के भूस्खलन में तो वहां 151 लोग मारे गए थे जबकि उस समय वहां की जनसंख्या मात्र 6,576 थी, जबकि 2011 में वहां की जनसंख्या 41,377 हो चुकी थी। सेकड़ों गांव–दर्जनों नगर खतरे में धार्मिक और सामरिक दृष्टि से देश के महत्वपूर्ण नगर जोशीमठ के साथ ही इस समय उसी चारधाम मार्ग पर अलकनन्दा और पिण्डर नदियों के संगम पर स्थित कर्णप्रयाग नगर भी धंस रहा है। उत्तराखण्ड के पंच प्रयोगों में से एक यह नगर महाभारत के महायोद्धा दानवीर कर्ण के नाम से बसा हुआ है और यहीं पर कर्ण का मंदिर भी है। लोक मान्यता है कि इसी संगम पर श्रीकृष्ण ने स्वयं कर्ण का अंतिम संस्कार किया था। इस नगर की बहुगुणा कालोनी में कम से कम 50 मकानों पर दरारें आ चुकी हैं। चमोली के जिला मुख्यालय गोपेश्वर के हल्दापानी क्षेत्र में भू–धंसाव के कारण कम से कम 15 मकानों में अब तक दरारें आ चुकी हैं। ऐसी ही सूचना ब्लॉक मुख्यालय पोखरी और गैरसैंण से भी है। इसी तरह टिहरी गढ़वाल के नरेन्द्र नगर तहसील क्षेत्र के अटाली गांव भू–धंसाव की चपेट में है। इसी जिले के गुलर, व्यासी, कोड़ियाला, और मलेथा गावों के मकानों पर भी दरारें आ गई है। श्रीनगर गढ़वाल की हाइडेल कालोनी, आशीष विहार और नर्सरी रोड पर मकानों में दरारें आ रही है। उत्तरकाशी का गंगोत्री मार्ग स्थित भटवाड़ी कस्बा कुछ सालों से धंस रहा है। मस्तड़ी सहित कुल 26 गांव भूस्खलन के खतरे की जद में पाए गए हैं। उत्तरकाशी का नौगांव नगर भू–धंसाव की चपेट में है। बागेश्वर के खरबगड़ और कपकोट के मकानों पर भी दरारें देखी जा रही हैं। पिण्डर घाटी में देवाल ब्लॉक का अंतिम गावं झलिया और बागेश्वर जिले का क्वांरी गांव कभी भी जमींदोज हो सकते हैं। रुद्रप्रयाग के मरोड़ा गांव में कुछ मकान गिर भी चुके हैं। पिथौरागढ़ जिले की दारमा घाटी का सीमान्त गांव दार भी गंभीर खतरे में है। मुन्स्यारी और धारचुला तहसीलों के लगभग 200 गांव संवेदनशील बताए जा रहे हैं। चमोली के सारी गांव में भू–धंसाव के कारण दो भवन गिर चुके हैं। इस प्रकार राज्य सरकार 465 गावों को पहले ही संवेदनशील घोषित कर चुकी है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बोझ से दब रहे शहर सन् 2011 की जनगणना में राज्य की नगरीय आबादी 30 प्रतिशत पार कर चुकी थी। इस पहाड़ी राज्य के लोग पहले आजीविका के लिए दिल्ली, मुम्बई और चण्डीगढ़ जैसे महानगरों में जाते थे। लेकिन नवम्बर 2000 में नए राज्य के गठन के बाद अधिकतर पलायन राज्य के अन्दर के नगरों में हो रहा है। लोग गांव छोड़ कर शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य आदि बेहतर सुविधाओं के लिए ब्लॉक, तहसील और जिला और राज्य मुख्यालय की ओर आकर्षित हो रहे हैं। राज्य पलायन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देश के अन्य क्षेत्रों की तरह उत्तराखण्ड में बहुत तेजी से शहरीकरण हो रहा है। देश में 2011 में शहरीकरण की दर 31.1 थी जो कि उत्तराखण्ड में 30.2 प्रतिशत दर्ज हुई थी। लेकिन पहाड़ी राज्य उत्तराखण्ड में शहरीकरण की यह दर भी अत्यधिक है। क्योंकि विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यहां शहरों के विस्तार की गुंजाइश बहुत सीमित है। इसलिए यहां बहुत सीमित स्थानों पर ही जनसंख्या का भारी दबाव बढ़ रहा है। पहाड़ी ढलानों पर बसे इन नगरों का दबाव वहां की अस्थिर जमीन सहन नहीं कर पा रही है। शहरीकरण की वार्षिक वृद्धि दर भी 2011 में 4 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। 71 प्रतिशत प्रवासी गांव छोड़ नजदीकी नगरों में आ बसे राज्य पलायन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखण्ड में अब तक 28.72 प्रतिशत प्रवासियों ने राज्य से बाहर, 35.69 प्रतिशत ने एक जिले से दूसरे जिले में, 15.46 प्रतिशत ने जिला मुख्यालय में और 19.46 प्रतिशत ने नजदीक के कस्बों में पलायन किया है। इस तरह देखा जाए तो 71.28 लोगों ने राज्य के अन्दर ही पलायन किया है। इनमें से कुछ ने राजधानी देहरादून में किया तो 34.92 प्रतिशत लोगों ने एक ही जिले में या तो जिला मुख्यालय या फिर ब्लॉक और तहसील मुख्यालय या फिर व्यवसाय के लिए अनुकूल यात्रा मार्ग पर बसे श्रीनगर–कर्णप्रयाग और जोशीमठ जैसे नगरों में पलायन किया। नैनीताल और उत्तरकाशी जिले के लगभग 40–40 प्रतिशत लोगों ने गांव छोड़ कर नजदीकी कस्बों या नगरों में नया ठिकाना बनाया। इसी प्रकार चमोली में 19.72, रुद्रप्रयाग में 19.34, पौड़ी 19.61 और टिहरी जिले में 17.73 प्रतिशत लोगों ने गांव छोड़ कर नजदीकी कस्बों में घर बनाए। पिथौरागढ़ जैसे सीमान्त जिले में 33.07 प्रतिशत और बागेश्वर में 22 प्रतिशत लोग गांव छोड़ कर जिला मुख्यालय में बस गए। राज्य में कोई ऐसा जिला नहीं है जहां लोग गांव छोड़ कर नजदीकी जिला या ब्लॉक मुख्यालय में आ कर न बसे हों। पलायन की इस प्रवृत्ति के चलते लगभग सभी पहाड़ी नगरों की कैरीइंग कैपेसिटी समाप्त हो चुकी है। जिस कारण प्रदेश की लाखों की आबादी खतरे की जद में है। जोशीमठ की तरह ज्यादातर गांव भूस्खलनों पर बसे हैं जोशीमठ की ही तरह उत्तराखण्ड के अधिकांश गांव और नगर पुराने भूस्खलनों पर बसे हुए हैं। कालान्तर में ऊपर पहाड़ियो से खिसक कर आए भूस्खलनों ने पहाड़ी ढालों को समतल भी बनाया और ऊपर से ये उपजाऊ मिट्टी भी लाए जिससे इन भूस्खलनों पर पहले सम्पन्न गांव और बाद में इनमें से ही कई विख्यात नगर भी उग आए। लेकिन उन स्थानों की वहनीय क्षमता देखे परखे बिना जनसंख्या का दबाव बढ़ता गया और ये नगर जोशीमठ की तरह अपने ही बोझ तले दबते ही चले गए। बढ़ती आबादी ने समाप्त कर दी नगरों की धारण क्षमता आदि गुरू शंकराचार्य ने सदियों पहले जब जोशीमठ में भारत की चौथी सर्वोच्च पीठ ज्योतिपीठ स्थापित की थी उस समय वहां अधिकतम् सौ दो सौ की आबादी रही होगी। सन् 1901 में जोशीमठ की जनसंख्या कुल 650 के आसपास थी। सन् 60 के दशक में बदरीनाथ तक मोटर रोड बनी तो चारधाम यात्रा और पर्यटन आदि से रोजगार संभावनाएं बढ़ने से 1971 में वहां की जनसंख्या बढ़ कर 5,852 वर्ष 1981 में 8,616, वर्ष 1991 में 11488 और 2001 में 13204 हो गई। इस नगर की 1981 से लेकर 1991 तक दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर 37 प्रतिशत और 2001 तक 37.7 प्रतिशत हो गई। इस नगर की जनसंख्या 2011 में 16709 थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा गृहमंत्री अमित शाह को दिए गए आंकड़ों के अनुसार वहां की आबादी अब 25 हजार तक पहुंच गई है। वहां केवल नगरपालिका क्षेत्र में 2011 में 3,898 मकान पंजीकृत थे जो कि आज 4,500 तक पहुंच गए। इनमें सेना और आइटीबीपी के विशाल भवन शामिल नहीं हैं। गए। अब अनुमान लगाया जा सकता है कि बिना मास्टर प्लान के ये पहाड़ी नगर किस प्रकार अपने ही बोझ तले दबे जा रहे हैं। यही कहानी नैनीताल, मसूरी, गोपेश्वर, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, कर्णप्रयाग, बागेश्वर, चम्पावत और पिथौरागढ़ नगरों की भी है। राज्य सरकार जोशमठ आपदा के बाद अब कुल 65 नगरों की कैरीइंग कपैसिटी का आंकलन कराने के बाद इनका मास्टर प्लान बनाने की सोच रही है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# डॉक्टर्स की टीम ने कॉलेज के 208 बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली हरदोई : स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार पाली पीएचसी के डॉक्टर्स की टीम ने गुरुवार को कस्बे के सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज में पहुंचकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य परीक्षण में सर्वप्रथम बच्चों का बजन किया गया तत्पश्चात डॉ अजीमुद्दीन ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।जिसमें बच्चों का हेमोग्लोबिन,बजन व लम्बाई आदि की जांच की गयी।सभी जांच व दवाई निःशुल्क वितरित की गई। डॉ अजीमुद्दीन ने बताया कि विद्यालय के बच्चों की प्राथमिक जांच की गयी।जिसमें 208 छात्र/छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। टीम द्वारा किये गये स्वास्थ्य परीक्षण में दृष्टि दोष के 06,त्वचा रोग के 4,एनीमिया के 4 व डेंटल के 01 बच्चे पाये गये।साथ ही उनको अपने स्वास्थ्य को अच्छा



बनाये रखने के लिए जीवन शैली अपनाये जाने की उचित सलाह दी गयी,और उनको खान–पान,शारीरिक व्यायाम व सुबह उठने के फायदों के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर डॉ अजीमुद्दीन, डॉ पूजन गुप्ता, एएनएम विनीता देवी,व मनीष कुमार सिंह मौजूद रहे।

### 25 जनवरी से होगा खमरौनी का शतचण्डी महायज्ञ व लीला महोत्सव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय गोण्डा। विकासखंड बेलसर के रगड़गंज– परसपुर मार्ग के ग्राम पंचायत खमरौनी में स्थित ज्वाला माई मंदिर परिसर में 23वां विराट शतचंडी महायज्ञ व लीला – महोत्सव का आयोजन 25 जनवरी को शोभा यात्रा से प्रारंभ हो रहा है। दस दिवसीय आयोजन के आध्यात्मिक कार्यक्रम की जानकारी देते हुए यज्ञ समिति के व्यवस्था प्रभारी दुर्गा प्रसाद तिवारी व सत्य प्रकाश उपाध्याय ने बताया कि यज्ञ संरक्षक गुजरात के सूरत स्थित हनुमान पीठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी रामसेवक दास उर्फ त्यागी बापू द्वारा 15 जनवरी को पवित्र सरयू तट पर यज्ञ व पूजन का संकल्प लेने के साथ यज्ञ स्थल पर राम नाम संकीर्तन से आयोजन शुरू हो गया है। 25 जनवरी को प्रातः 10:00 बजे यज्ञ स्थल ज्वाला माई मंदिर से महामण्डलेश्वर त्यागी बापू की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली जाएगी। पचास किमी. भ्रमण करने वाली इस शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु उमरी बेगमगंज में वाराही देवी का दर्शन कर पसका सूकरखेत स्थित सरयू से पवित्र जल लेकर यज्ञ स्थल वापस आएंगे। 26 जनवरी को प्रातः अयोध्या प्रयाग व वाराणसी के यज्ञाचार्यो द्वारा सनातन धर्म व राष्ट्रीय ध्वज का वंदन पूजन के साथ महायज्ञ का शुभारंभ होकर 4 फरवरी को पूर्णाहुति व भण्डारें के साथ संपन्न होगा। मंदिर परिसर में साधु संतों का अनवरत रामनाम– संकीर्तन, मानस पाठ, प्रवचन – भजन चलेगा। महायज्ञ में मुख्य आकर्षण दोपहर व शाम दो सत्रों में मथुरा वृंदावन की प्रसिद्ध रासलीला मंडल के कलाकारों द्वारा रामलीला व रास लीला का मंचन किया जाएगा। महामंडलेश्वर स्वामी त्यागी बापू ने बताया कि पिछले दो वर्षों के दौरान कोविड का प्रकोप होने से संक्षिप्त यज्ञ करने के बाद इस वर्ष नवनिर्मित यज्ञ परिसर में श्रद्धालुओं के सहयोग से भव्य आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जनपद के अध्यात्म प्रेमियों से विराट यज्ञ में भाग लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेने का आह्वान किया है।

# हिन्दुत्व की विचारधारा से जोड़ने का अभियान चलाएगा हिन्दू महासंघ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय गोण्डा। विश्व हिन्दू महासंघ जनपद इकाई के तत्वावधान में उतरौला रोड स्थित मुजहा बाबा आश्रम में जिलाध्यक्ष विजय मिश्र के संयोजन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित महासंघ के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि देवी पाटन मण्डल के प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने कहा कि देश का भविष्य हिन्दू संस्कृति की रक्षा से ही सुरक्षित रह सकता है। इतिहास साक्षी है कि विश्व को परिवार मानने वाले सनातन समाज ने पीड़ित वर्ग का सदैव सहयोग किया। वर्तमान में समाज को जोड़ने व सर्व समाज को संरक्षित करने का दायित्व केन्द्र में प्रधानमंत्री मोदी व प्रदेश में योगी सरकार निभा रही हैं। जिससे भारत एक बार पुनः वैश्विक जगत में नायक बनकर विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हो रहा है। जिलाध्यक्ष विजय मिश्र ने मण्डल प्रभारी का स्वागत करते हुए कहा कि हिन्दू महासंघ की इकाई समाज को हिन्दुत्व की विचारधारा से सर्व समाज को जोड़ने व योगी जी के सिद्धांत को जन जन तक पहुंचाने का जागरण अभियान चलाएगी। इसी क्रम में महान संत रविदास महाराज की जयंती पर 5 फरवरी को भव्य आयोजन का निर्णय लिया गया है। कार्यशाला को



महासंघ के संरक्षक वीरेन्द्र पाण्डेय एवं मातृ शक्ति की जिलाध्यक्ष अर्चना उपाध्याय ने भी सम्बोधित करते हुए समाज में जातीय संकीर्णता के खिलाफ संघर्ष करने व महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में 'पराक्रम' पुस्तक का कार्यकर्ताओं में वितरण किया गया। इस मौके पर बलरामपुर जिलाध्यक्ष गंगा शर्मा महामंत्री सुन्दर बाबू सिंह, हर्ष सोनकर, राजन मिश्र, प्रदीप शुक्ल, गुल्ले महाराज, प्रमोद , सुरेन्द्र तिवारी व राजेन्द्र त्रिपाठी सहित प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रजत कॉलेज में सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत यातायात नियमों हेतु जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रजत कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेण्ट, लखनऊ में दिनांक 19 जनवरी 2023 को सड़क सुरक्षा माह (05 जनवरी 2023 से 04 फरवरी 2023) के अन्तर्गत यातायात नियमों के जानकारी हेतु जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रजत ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, लखनऊ के चेयरमैन डॉ. आर. जे. सिंह, वाइस चेयरमैन पुष्पलता सिंह एवं मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रियंका मौर्या, चिकित्सक, समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री उपस्थित रहे। डॉ. प्रियंका मौर्या ने सड़क सुरक्षा नियम को बताते हुए कहा कि कानून कहते हैं कि गाड़ी चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। सीटबेल्ट और हेलमेट पहनें। फुटपाथों पर संभलकर चलें और जेब्रा क्रासिंग से ही क्रॉस करें। गति सीमा का ध्यान रखें। कभी भी शराब पीकर वाहन न चलायें। नागरिकों, बच्चों और पैदल चलने वालों का ध्यान रखें।मैंने सड़क दुर्घटना में अपने 31 वर्ष के भाई को खो दिया, जिसकी पीड़ा मैं और मेरा परिवार ही समझ सकता है। इसलिए मैं चाहती हूँ कि कोई भी अपने भाई, अपने बेटे या अपने पिता को ना खोए।श्रीमती पुष्पलता सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियम सभ्य



जीवन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यह महत्वपूर्ण है कि प्रत्येक नागरिक सरकार द्वारा निर्धारित नियमों को जानता है और उनका पालन करता है। यहाँ तक कि बच्चों और किशोरों को भी शिक्षित किया जाना चाहिए और देश में सड़क नियमों के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए।कार्यक्रम के अन्त में डॉ. आर. जे. सिंह जी ने सभी को सड़क सुरक्षा के नियमो को पालन करने पर जोर दिया और कहा कि हम सभी की सुरक्षा अपने हाथ में है। यातायात के नियमों के बहुआयामी उद्देश्यों को ध्यान में रखकर प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य बनता है कि वह परिवहन विभाग द्वारा बनाए गये यातायात से सम्बन्धित समस्त सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक संकेतकों एवं नियमों का पालन कर देश की समृद्धि एवं विकास में अहम् योगदान देने का प्रयास करें, जिससे हमारा देश, समाज एवं परिवार सुरक्षित रहकर विकास की पराकाष्ठा को प्राप्त करने में सफल रहे।

# कोतवाली नगर क्षेत्र के फतेहगंज में 69 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा रेलवे ओवर ब्रिज

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) कोतवाली नगर क्षेत्र के सबसे प्रमुख व व्यस्त इलाके फतेहगंज में रेलवे क्रॉसिंग पर 69 करोड़ रुपये की लागत से ओवरब्रिज बनाया जाएगा। यह पुल टू लेन होगा। यह आधे शहर के लोगों के लिए दूसरी ओर जाने के लिए तीसरा मार्ग भी होगा, लेकिन भीड़ और कारोबार के लिहाज से यह पहला मार्ग है। इस पर काम शुरू हो गया है।फतेहगंज–देवकाली मार्ग शहर का सबसे प्रमुख मार्ग है।यह फैजाबाद शहर से अकबरपुर अंबेडकरनगर को जोड़ता है।यह मार्ग बस स्टेशन से सीधे निकलता है। जिसके चलते इस पर यातायात का दबाव शहर के अन्य सभी मार्गों से ज्यादा है, लेकिन दिन के ज्यादा समय रेलवे क्रॉसिंग बंद रहने से आम लोगों को खासी दिक्कत होती है। समस्या से निजात के लिए इस रेलवे क्रॉसिंग के ओवर ब्रिज को मंजूरी तो काफी पहले मिल गई थी लेकिन अगल–बगल की जमीनों के न ले पाने के कारण इसमें देरी हो रही थी।अब प्रशासन ने अगल–बगल की जमीनों को खरीदना शुरू किया तो ओवर ब्रिज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ।ओवरब्रिज की फैक्ट फाइल सूत्रों के मुताबिक टू लेन फतेहगंज ओवरब्रिज के निर्माण पर लगभग 69.37 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में 15.04 करोड़ रुपये का आवंटन कर दिया गया है। इस ओवरब्रिज की कुल लंबाई 793.47 मीटर होगी। इसमें रेलवे भाग की लंबाई 76 मीटर होगी। पुल के कैरज वे चौड़ाई साढ़े सात मीटर होगी। सेतु के दोनों ओर 3.75 मीटर चौड़ाई में सर्विस रोज का निर्माण किया जाएगा। सेतु निर्माण की शुरूआत कर दी गई है। इसे पूरा करने के लिए 31 मार्च 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है। सेतु निगम के उप परियोजना प्रबंधक मोहित कुमार ने बताया कि फतेहगंज रेलवे ओवरब्रिज पर काम शुरू हो गया है।कभी ट्रेन गुजरने के समय दो भागों में यह शहर बंट जाता था।शहर लखनऊ–वाराणसी रेल प्रखंड के लिए रेलवे लाइन अयोध्या शहर के बीचोबीच से जाती है। इसके कारण जब इस ट्रैक पर दोनों ओर से कोई दो ट्रेन आने–जाने वाली होती तो शहर में पड़ने वाले छह रेलवे क्रॉसिंग एक साथ बंद हो जाती हैं। इससे पूरा शहर दो भागों में बंट जाता है।वही इसी कड़ी में बीमार को दूसरी ओर स्थित जिला अस्पताल तक ले जाने के लिए एंबुलेंस तक जाने के लिए रास्ता नहीं रह जाता।

# भारतीय परम्परा सिल्क एक्सपो में मॉडल्स ने किया सिल्क साड़ियों का प्रदर्शन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊः राजधानी के कैसरबाग, बारादरी में चल रही छह दिवसीय भारतीय परम्परा सिल्क एक्सपो में गुरुवार को सिल्क थीम पर आधारित फैशन फोटोशूट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जब सिल्क की साड़ियां पहनकर दर्शकों के सामने आयी तो उनकी खूबसुरती के साथ सिल्क की चमक भी चारों ओर फैल गई। इस कार्यक्रम के दौरान मॉडल्स ने भारत के विभिन्न राज्यों के बुनकरों द्वारा तैयार किए गए साड़ियों का बहुत ही बेहतरीन ढंग से प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में प्रोफेशनल मॉडल्स ने देश भर के बुनकरों द्वारा तैयार वस्त्र पहनकर उनकी कला की नुमाइश की। एक से बढ़कर एक मॉडल्स ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक के सिल्क उत्पादों को प्रदर्षित किया। उमंग आर्ट एंड क्राफ्ट एक्सपो के आयोजक आशीष कुमार गुप्ता ने बताया कि इस प्रदर्शनी व सेल में देश भर से आए सिल्क बुनकरों व डिजाईनरों ने अपने– अपने प्रदेश संस्कृति काव्य और त्योहारों को सिल्क पर छापा है। एक्सपो में गुजरात की पटोला



सिल्क, तेलंगाना की उपाडा सिल्क, तमिलनाडु की कांजीवरम सिल्क, महाराष्ट्र की पैठणी सिल्क पर गई कलाकारी लोगों को अपनी ओर खींच रही है। उन्होंने बताया कि कैसरबाग, बारादरी में आयोजित भारतीय परम्परा सिल्क एक्सपो का मकसद देशभर के सिल्क उत्पादों का एक ही छत के तले प्रदर्शनी करना है। विदित हो कि यह प्रदर्शनी 18 जनवरी से 24 जनवरी 2023 तक सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित की गयी है।

# नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने दिए निर्देश : नगर निकायों में सुबह आठ बजे तक पूरी हो सफाई

लखनऊ ब्यूरो : अगले महीने होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और जी–20 की बैठकों के तहत संबधित शहरों में साफ–सफाई और सुंदरीकरण से लेकर अन्य व्यवस्था को चाक–चौबंद करने का काम शुरू हो गया है। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने सभी नगर निकायों को सुबह आठ बजे तक हर हाल में सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। लापरवाही बरतने वाले निकाय कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। नगर विकास मंत्री बुधवार को सभी निकायों के अधिकारियों के साथ जी–20 की बैठक को लेकर चल रही तैयारियों की वर्चुअल समीक्षा कर रहे थे। कहा कि फरवरी में आगरा, लखनऊ, वाराणसी व ग्रेटर नोएडा में आयोजित हो रही जी–20 की बैठकों में विश्वभर के शासक, प्रशासक व उद्योगपति शामिल होंगे। इसलिए इन चारों शहरों की व्यवस्था उच्च कोटि की होनी चाहिए। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने शहरों के चौराहों का सुंदरीकरण कराने के साथ ही एयर क्वालिटी व हरियाली बढ़ाने के लिए भी कहा है। प्रमुख सचिव नगर विकास तथा निदेशक नगरीय निकाय को भी नियमित मॉनीटरिंग करने और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा। इस मौके पर प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने बताया कि ढाबों पर साफ–सफाई, शौचालयों की व्यवस्था, डस्टबिन, पानी की निकासी आदि का काम तेजी से किया जा रहा है। बिजली चोरी करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि बिजली चोरी रोकने के लिए सख्त कदम उठआए जाएं। फरवरी माह से पूरे प्रदेश में विद्युत उपभोक्ताओं के केवाईसी प्राप्त करने के लिए अभियान चलाया जाए। इस अभियान में टेलीकॉम कंपनियों की तरह प्रदेश के सवा तीन करोड़ उपभोक्ताओं के टेलीफोन नंबर जुटाए जाएंगे। इससे उन्हें बिजली संबंधी जानकारी, विद्युत बिल और विच्छेदन की सूचना आदि समय पर दी जा सकेगी। वह बुधवार को शक्ति भवन में बिजली विभाग की समीक्षा कर रहे थे। ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिया कि प्रदेश में लाइन हानियां ज्यादा होने तथा विद्युत चोरी के कारण विभाग को राजस्व का नुकसान हो रहा है। अभियान के दौरान शहर से लेकर गांव एवं कस्बों में ऐसे क्षेत्रों को चिह्नित कर सूची बनाई जाए। जहां पर ज्यादा लाइन हानियां और विद्युत चोरी हो रही है, वहां प्रशासन की मदद से बिजली चोरी रोकी जाए। लोगों के कनेक्शन भी काटे जाएं। फीडरों पर प्रभावी चेकिंग कराई जाए। उन्होंने राजधानी लखनऊ में टेलीकॉम और केबल कंपनियों से बातचीत कर उनसे विभागीय इंफ्रास्ट्रक्चर के नियमानुसार शुल्क जमा कराने तथा तारों के मकड़जाल को व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए। कहा कि जो कंपनियां अपना निर्धारित शुल्क न जमा करें, उन्हें विद्युत खंभों का उपयोग न करने दिया जाए। ऊर्जा मंत्री ने 'संभव' की व्यवस्था के तहत तीसरे बुधवार को शक्ति भवन में राज्य स्तरीय सुनवाई में भी हिस्सा लिया। गंभीर किस्म की कुल 20 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इसमें लो वोल्टेज, मीटर अपडेट कराने, संयोजन का स्थायी विच्छेदन, मीटर बदलने, झूलते तारों को ठीक करने, ट्रांसफार्मर बदलने, निजी नलकूप कनेक्शन, विद्युत आपूर्ति बहाल कराने, सही बिलिंग, हाई बोल्टेज आदि समस्याओं का समाधान किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज, प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, उत्पादन निगम के प्रबंध निदेशक पी गुरुप्रसाद उपस्थित थे। सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य अभियंता वर्चुअली जुड़े थे।

### मधुरिमा के मालिक से मांगी ढाई करोड़ की रंगदारी : तीन लोगों पर लगाया आरोप

लखनऊ ब्यूरो : मधुरिमा रेस्टोरेंट के मालिक मनीष कुमार गुप्ता ने तीन लोगों पर ढाई करोड़ की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। विभूतिखंड थाने में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक विभूतिखंड राम सिंह के मुताबिक विशेष खंड में मनीष परिवार सहित रहते हैं। उनका विभूतिखंड के पिकप भवन के पास मधुरिमा के नाम से रेस्टोरेंट व मिठाई की दुकान है। मनीष के मुताबिक विनम्रखंड गोमतीनगर निवासी राम प्रकाश मिश्रा, राम मनोहर मिश्रा की एक संपत्ति विनय खंड में है, जिसमें उनका प्रतिष्ठान तीन साल से चल रहा है। इस संपत्ति की रजिस्ट्री 27 दिसंबर 2022 को हुई है। निबंधन कार्यालय में राम प्रकाश मिश्रा, राम मनोहर मिश्रा और राम प्रकाश की पत्नी प्रियंका मिश्रा की ओर से मनीष के पक्ष में रजिस्ट्री की गई। संपत्ति का तय दाम लेने के बाद रजिस्ट्री की गई। इसके बाद भी राम प्रकाश, राम मनोहर व उनके पिता धर्मदेव ढाई करोड़ रुपये मांग रहे हैं। रुपये न देने पर व्यापार न करने देने और जान से मारने की धमकी दी गई है। प्रभारी निरीक्षक राम सिंह के मुताबिक जांच की जा रही है।

## जैविक खाद से होता है अच्छी पैदावार – आचार्य

जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : खेतों की उपज को लेकर के अभी तक किसानों के सामने एक बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। जिसमें खेतों में उपजाऊ शक्ति बढ़ाने के लिए अनेकों प्रकार की रासायनिक खादों का प्रयोग के बावजूद भी फसल अच्छी पैदावार नहीं दे पाते इतनी सारी समस्याओं को लेकर के पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विक्रम देव आचार्य ने कई शोध किए जिसमें उन्होंने पाया कि किसान अगर जैविक खाद का उपयोग करके अपने फसल का उत्तम उपज पा सकते हैं। आचार्य अभी तक कई फसलों पर अपना शोध किए जिस पर उन्होंने अच्छी उपज गौ–आधृत विष मुक्त प्राकृतिक खेती के माध्यम से पाया। गोबर की खाद से जमीन में नमी व उर्वरा क्षमता बनी रहती है। उसका परिणाम फसल में ज्यादा उत्पादन होता है। और अच्छी क्वालिटी का होता है खाने में स्वादिष्ट होता है। स्वास्थ्य के लिए लाभकारी भी होता है। और वह अन्न जब किसान बाजार में बेचता है तो अच्छी कीमत मिलता है। जिससे वह जीवनयापन अपना व अपने परिवार का करता है। इस तरह की खेती के माध्यम से उपजे कृषि उत्पाद को देश–विदेश तक इसकी मांग काफी ज्यादा है। और अच्छी कीमत में किसान इसे बेच करके अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। ऐसे ऑर्गेनिक विष मुक्त प्राकृतिक



कृषि उत्पाद की मांग भारत सहित विश्व में, और उसकी अच्छी कीमत मिलती है। उन्होंने बताया कि जहरीली रासायनिक खेती से खेत के मित्र कीट, केंचुआ, रउओं आदि की मृत्यु हो जाती है जिसमें भूमि की उर्वरा शक्ति और नमी नष्ट हो जाते हैं जिससे फसलों की अच्छी पैदावार नहीं हो पाती है। और रासायनिक खादों से पैदावार की कमी से किसान काफी निराश हो जाता है अन्ततः आत्महत्या करने का विवश हो जाता है और सरकारों को किसान दोषी ठहराता है। आचार्य ने बताया कि न्यूनतम लागत की खेती से अभी तक जिसमें धान, गन्ना, लहसुन, प्याज, मूली, गोभी, चुकंदर, टमाटर, बैंगन आदि पर अपना शोध कर चुके हैं। किसानों के हित के लिए अभी भी शोध जारी है।

## होटल रिवर व्यू में होने वाले इन्वेस्टर्स समिट के सम्बन्ध में हुई बैठक

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में 19 जनवरी 2023 को एक दिवसीय निवेशक शिखर सम्मेलन होटल रिवर व्यू में पूर्वाह्न 11.00 बजे से होने वाले इन्वेस्टर्स समिट के तैयारियों के संबंध में बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि



जनपद में उद्यम प्रोत्साहन हेतु प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाए और विभागों के द्वारा सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्यक्रम को संपन्न कराएं। बैठक में उन्होंने समस्त उद्यमिता प्रोत्साहन संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि इच्छुक उद्यमियों से निवेश हेतु ज्यादा से ज्यादा इंडेंट भराय जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के द्वारा उद्यमियों को निवेश के लिए विभिन्न प्रकार के सहायता प्रदान की जा रही। उन्होंने कहा कि जनपद में आयोजित होने वाले इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से नए उद्यमियों को एक सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। इन्वेस्टर्स समिट के दौरान शासन के द्वारा बनाई गई नई पालिसी के बारे में भी अवगत कराया जाएगा जिसके संबंध में प्रेजेंटेशन तैयार कर लेने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय कुमार, उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह, प्रबंधक जयप्रकाश, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आर0डी0 यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विहिप और बजरंग दल क्कार्यकृताओ ने बुधवार को राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया को सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि दक्षिण असम के करीमगंज में बजरंग दल कार्यकर्ता सम्भू कोइरी एवं जम्मू –राजौरी के डांगरी गांव में जेहादी हमलावरों ने आतंकी हमला कर दीपक व प्रिंस सहित 7 हिन्दुओं की निर्मम हत्या की गई है।जिहादी उन्माद हिन्दू समाज के लिए एक राष्ट्र व्यापी चुनौती बन गया है। इसलिए बजरंग दल सम्पूर्ण देश में जिला केंद्रों पर धरना प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर उक्त घटनाओं पर रोक लगाने की मांग करता है।इसी क्रम में मछली शहर में मोहल्ला सराय स्थित रवि पटवा की दुकान से कार्यकर्ता इकट्ठा होंकर तहसील प्रांगण में एसडीएम मछलीशहर कार्यालय पहुंचे जहा राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अनिल कौशल जिला सह संयोजक बजरंग दल ,राजेश गुप्ता,पूर्व विभाग सह मंत्री विहिप, डॉक्टर महेंद्र प्रताप जिला सह मंत्री विश्व हिंदूपरिषद ,दुर्गेश जी जिला गोरक्षा प्रमुख ने किया। विकास अग्रहरी नगर अध्यक्ष ,अमन अग्रहरी नगर मंत्री, रंजीत पाठक, वासु अग्रहरि ,अरविंद मौर्या ,रोहित रवि पटवा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## युवक की हत्या कर जला दी गई लाश : थाना मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र के नारायणडीह की घटना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के नारायणडीह गांव मे युवक की हत्या कर लाश को जला दी गई।युवक की लाश घर से डेढ़ किलोमीटर दूर बरौलडीह गांव मे टिड शेड के नीचे जली हुई मिली है।गांव भारी भरकर पुलिस बल तैनात किया गया है। नारायणडीह गांव निवासी हिंदू इंटर कालेज के रिटायर्ड बड़े बाबू रधुराज यादव के पुत्र विनोद यादव उर्फ नन्कू यादव (24)की हत्या कर लाश को पुआल के सहारे जला दी गई।घटना की जानकारी परिजनों को सुबह हुई जब किसी ने जले हुए शव को देखा।परिजनों के मुताबिक विनोद यादव (24)घर पर ही रहकर खोतीबाड़ी का काम करता है।मंगलवार की रात को 8 बजे वह अपने कमरे मे सो रहा था।रात 10 बजे किसी का फोन आया तो वह कमरे से बाहर निकल गया।परिजनों ने सोचा कि वह अभी आजाएगा।परिजन भी सो गये सुबह उठे तो विनोद अपने बिस्तर पर नही था परिजनों का माथा ठनक गया वह खोजबीन करने लगे ।बुधवार की सुबह 8 बजे किसी ने जानकारी दी कि एक युवक को नारायणडीह गांव के बरौलडीह के पास रामकुमार के बाग मे एक टिन शेड के नीचे जलाकर मारा गया है।परिजन बदहवास मौके पर पहुंचे देखा तो उनके पैरोंतले जमीन खिसक गई ।मृतक युवक विनोद यादव ही था ।हत्या की बात सुनकर गांव मे सनसनी फैल गई भारी भरकम भीड़ इकट्ठी हो गई ।पुलिस को जानकारी मिली तो वह मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया।थानाध्यक्ष विवेक तिवारी का कहना है कि पोस्टमार्टम से पता चल पाएगा कि मामला क्या है।लेकिन घटना हत्या की तरफ इशारा कर रहा है।मौके पर सीओ मछलीशहर अतर सिंह भी घटनास्थल पर पहुंच कर परिजनोंसे घटना की जानकारी ली ।गांव मे एहतियात के तौर पर थाना मीरगंज, सुजानगंज,पवांरा पुलिस को तैनात किया गया है।युवक की अभी शादी नही हुई है।वह अपने 5 भाईयों मे सबसे छोटा था।

## भारतीय किसान यूनियन का ब्लाक मुख्यालय महराजगंज पर धरना प्रदर्शन : सात सूत्रीय मांगो को लेकर सौपा पत्रक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महराजगंज ब्लाक मुख्यालय पर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक )ने धरना प्रदर्शन कर बीडीओ की अनुपस्थिति मे एडीओ कापरेटिव को सात सूत्रीय मांग पत्र सौपा ! गरीबो किसानो मजलूम मजदूरो को लेकर महराजगंज ब्लाक मुख्यालय पर आज बुधवार दोपहर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक )के जिलाध्यक्ष राजनाथ यादव की अध्यक्षता मे किसानो ने झन्डे डंडे के साथ जोरदार धरना प्रदर्शन कर भष्टाचार मे लिप्त आवास पात्रता सूची की जांच मे धनउगाही का आरोप लगाते हुए जांच अधिकारियो के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की ! जिलाध्यक्ष राजनाथ सिह ने कहा कि महराजगंज के कुछ ग्राम पंचायत अधिकारी (सिक्रेटरी )धन उगाही के चक्कर मे गरीब पात्र लोग की आवास सूची मे से नाम काट रहे है जिनकी पुनःजांच कराते हुए धांधली बाजअधिकारियो के खिलाफ कार्यवाही की जाए !किसानो द्वारा भष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी की गयी !अन्त मे जिलाध्यक्ष द्वारा सातसूत्रीय मांगपत्र सौपा गया । जिसमे महगाई भष्टाचार पर रोक लगाने ,मरखापुर से मीरापुर सड़क की जांच कराये जाने तथा महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर सभी विभागो के सम्बन्धित चिकित्सको की तैनाती की मांग सभी पात्र गरीबो का फरजी तरीके से काटे गये आवासो की पुनःजांच करये जाने !एडिसनल पीएससी पर डाक्टर की तैनाती व सहकारी समितियो पर खाद उपलब्ध करायी जाने की मां की गयी है! प्रदर्शन मे तहसील अध्यक्ष बदलापुर लालचंद यादव महामंत्री डा० मनोज यादव धर्मेन्द्र सिह रामजीत चन्द्रभान रामआसरे अरविन्द नंदलाल गुड्डू मगनलाल समेत शारदा मंजू इन्द्रावती रीता मोनिका संगीता आदि कई किसान महिलाएं मौजूद रही

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में टीकाकरण की समीक्षा के दौरान बदलापुर, मछलीशहर, शाहगंज में टीकाकरण की प्रगति न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एमओआईसी को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमेशा ड्यू–लिस्ट अपडेट रहे। आशा एवं आगनबाडी के पास ड्यू लिस्ट रहे। जल्द से जल्द अवशेष बच्चों को शत–प्रतिशत टीकाकरण कराये। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में टीका लगाने में समस्या उत्पन्न हो रही है, सभी एमओआईसी, एसडीएम बीडीओ, पूर्ति निरीक्षक भ्रमण कर टीका न लगाने वाले परिवारों को जागरूक करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी आशा एवं एएनएम को धड़कन सुनने वाली मशीन उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि आशा शत–प्रतिशत होम विजिट करें। विकासखंड डोभी में लो बर्थ वेट की संख्या अधिक पाए जाने पर एमओआईसी को निर्देशित किया कि ऐसे गांव को चिन्हित करें और लोगों को गर्भावस्था के दौरान दी जाने वाली पोषणयुक्त भोजन एवं दवाओं के संबंध में जागरूक किया जाए जिससे बच्चे स्वस्थ पैदा हो।



आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान पाया कि पिछले महीने की अपेक्षा इस महीने में कम कार्ड बनाया गया है जिसपर निर्देशित किया कि तेजी से कार्य करते हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। एडीओ पंचायत एवं एमओआईसी मुंगराबादशाहपुर के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने में अच्छा कार्य किया गया है जिन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के भी निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि प्रत्येक सीएचसी एवं पीएचसी पर आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुविधा दी जाए। टेली कंसलटेंसी में कार्य न करने वाले 14 चिकित्सकों को नोटिस देने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मी सिंह को निर्देशित किया कि सभी सीएचसी में कम से कम एक डॉक्टर अनिवार्य रूप से तैनात रहे और एनएचएम से स्वीकृत पद जल्द से जल्द भर लिया जाए। सभी सीएचसी पर डॉक्टर के बैठने के दिन एवं समय लिखवाया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, सीएमएस महिला अस्पताल सहित एमओआईसी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चंदवक बाजार में पहली बार दिखा साप्ताहिक बंदी का असर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रम विभाग द्वारा आठ साल पूर्व व्यापारियों के परामर्श से चंदवक बाजार में प्रत्येक बुधवार को नियत की गई साप्ताहिक बंदी का असर पहली बार देखा गया।लगभग अस्सी फीसदी दुकाने बंद रही वहीं कुछ दुकानदार साप्ताहिक बंदी की अनदेखी करते हुए दुकान खोले रखी। पिछले सप्ताह उपजिलाधिकारी माज अख्तर व श्रम प्रवर्तन अधिकारी नेहा यादव ने चंदवक बाजार का औचक निरीक्षण कर प्रत्येक बुधवार को साप्ताहिक बंदी रखने की व्यापारियों हिदायत दी थी।ऐसा न करने पर विधिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी।अधिकारियों के चेतावनी का असर बुधवार को साफ दिखा।फल ,सब्जी ,दूध,मिठाई,चाय,दवा की दुकानों को छोड़कर लगभग अस्सी प्रतिशत दुकानदारों ने साप्ताहिक बंदी का पालन करते हुए अपने प्रतिष्ठान बंद रखे।बीस फीसदी दुकानदार दुकाने खोले रखी जिनकों समझाने का काम व्यापार मंडल के पदाधिकारी करते दिखे।

## भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी ने उपजिलाधिकारी को सौंपा पांच सूत्रीय माँग पत्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रदेश के आवाहन पर भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी जौनपुर की तरफ से ग्यारह जनवरी से सतरह जनवरी तक जन जागरण यात्रा चलाया गया था। जिसमें विभिन्न गांवों में जनसभाएं आयोजित कर आरक्षण बचाओ,रोजगार बचाओं व मंहगाई हटाओ आदि सवालों पर जनता को जागरूक किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में आठरह जनवरी को महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित पांच सूत्रीय माँग पत्र उपजिलाधिकारी मछलीशहर राजेश कुमार चौरसिया को सौंपा कर कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसमें भारत का संविधान जाति,धर्म लिंग भाषा के आधार पर भेद नहीं करती है,परन्तु मौजूदा सरकार आदमी –आदमी और महिला– महिला के बीच खाई बनाने की पुरजोर कोशिश कर रही है इसे रोका जाय,उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव में उत्तर प्रदेश सरकार की आरक्षण विरोधी नीत स्पष्ट हो गयी,2021 में सुप्रीम कोर्ट का फैसला था कि पिछड़ी जातियों का सर्वे कराया जाय,परन्तु इसे नहीं कराया गया। सर्वे कराया जाय,केन्द्र व राज्य की सरकारें उद्योगों को बन्दकर नौकरियां समाप्त कर रही है। इस पर रोक लगाते हुए नौकरियों नियमित की जायें एवं ठेकेदारी व संविदा की प्रथा को समाप्त किया जाय,देश में 45 : से अधिक गरीबी रेखा से नीचे जा चुके है। जिसके लिए दो जून की रोटी के लाले पड़े है। इन्हें रोजी से जोड़ा जाय,समस्त सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाय आदि पांच सूत्रीय मांगे पत्र पर कार्यवाही करने की मांग की है। मांग पत्र देने वालों में सालिक राम पटेल,सत्यनारायण पटेल व सुभाष चंद्र पटेल आदि रहे।

## पारिवारिक मामलों के अधिकतम वादों के निस्तारण हेतु प्री–ट्रायल की प्रथम बैठक आयोजित

जौनपुर सू.वि. : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रशांत कुमार ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के संरक्षण में दिनांक 11.02.2023 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवार न्यायालयों में लम्बित अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में विचार–विमर्श हेतु श्री प्रशांत कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के संयोजन एवं श्रीमती रीता कौशिक, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, जौनपुर की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में दिनांक 18.01.2023 को समय 04:00 बजे बैठक आहूत की गयी। बैठक में प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय श्रीमती रीता कौशिक द्वारा समस्त अपर प्रधान न्यायाधीश को आगामी लोक अदालत में अधिकतम मामलों के निस्तारण हेतु वादों को चिन्हित करने एवं पक्षकारों को समन/नोटिस प्रेषित कर लोक अदालत में वादों के निस्तारण के लाभों को बताते हुए पक्षकारों को प्रेरित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रशांत कुमार द्वारा लोक अदालत के मामलों के निस्तारण से होने वाले लाभ जैसे–निस्तारण हेतु किसी प्रकार का न्याय शुल्क देय नहीं होना, लोक अदालत में निस्तारण कर लम्बित मामलों मे न्याय शुल्क की वापसी की व्यवस्था, लोक अदालत के निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं होना बताकर लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को निस्तारण करवाकर लोक अदालत को सफल बनाये जाने की अपील की गयी। इस अवसर पर अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम विजय कुमार गुप्ता एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर प्रशांत कुमार व परिवार न्यायालय के कांउसलर भी उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौके पर मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के इटाएं बाजार के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक दुकान के बाहर निकल कर पेशाब करने जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करने में जुटी हुई है। मृतक की पत्नी ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दिया है। गुरुवार की सुबह इटाएं गांव निवासी जय प्रकाश विश्वकर्मा पुत्र राम मनोहर उम्र 55 वर्ष की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक अपने घर से थोड़ी दूर स्थित बाजार में ही साइकिल बनाने का काम करता था और रात में ही उसी दुकान में सोता भी था गुरुवार की सुबह वह पेशाब करने के लिए दुकान से बाहर निकला था सड़क के किनारे पेशाब कर रहा था तभी विपरीत दिशा से आये अज्ञात वाहन ने जय प्रकाश विश्वकर्मा को जोरदार टक्कर मारते हुए भाग गया। जोरदार टक्कर से आसपास के लोगों ने घर से निकल कर जब सड़क पर देखा तो जयप्रकाश लहूलुहान होकर सड़क के बीचो बीच पड़ा था और उसकी मौत हो चुकी थी। मौत का समाचार जैसे ही परिजनों को मिला परिजनों में कोहराम मच गया। किसी ने सूचना मड़ियाहूं कोतवाली प्रभारी ओम नारायण सिंह को दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम की तैयारी में जुट गई थोड़ी देर बाद मृतक की पत्नी अज्ञात वाहन एवं चालक के विरूद्घ मुकदमा के लिए तहरीर दिया है। मृतक जयप्रकाश के पास एक पुत्र अनिल विश्वकर्मा है जो रोजी–रोटी के सिलसिले में शहर मुंबई में रहकर फर्नीचर का कार्य करता है परिजनों ने एकमात्र पुत्र को पिता की मौत की सूचना दे दिया है।

## हमारा आंगन हमारे बच्चे के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तीन से छह वर्ष के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सभी जिम्मेदारों को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक व विद्यालय प्रबंध समिति के जिम्मेदार इस दिशा में सार्थक पहल करना सुनिश्चित करें। यह बात महराजगंज ब्लाक परिसर में बुधवार को आयोजित 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव' कार्यक्रम के शुभारंभ मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य सच्चिदानंद यादव विशिष्ट अतिथि मनीष सिंह व रविंद्र यादव ने कार्यक्रम का शुरुआत सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जितनी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षकों की है। उतनी ही नामांकन व नियमित उपस्थिति का ध्यान रखने की जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है। बच्चों को इस प्रकार शिक्षा दी जाए जिससे कि उनके मानसिक क्षमता का विकास हो तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहें।साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों व प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता के अर्तगत कई प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। मुख्य अतिथि के स्वागत में इंग्लिश मीडियम पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा बैंड बजा कर व बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विशिष्ट अतिथि मनीष सिंह डायट प्रवक्ता ने कहां की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत परिषदीय स्कूलों में बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग की ओर से नौनिहालों को शिक्षा से जोड़ने की पहल की जाएगी। अभिभावकों को पूर्व प्राथमिक एवं बुनियादी शिक्षा में उनकी एवं घर की भूमिका से अवगत कराया जाएगा। इस दौरान आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार ने मुख्य अतिथि ब विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन उमा नाथ यादव अध्यक्ष ने किया।आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कप्तान सिंह केशव सिंह रामस्वरूप जितेंद्र सुभाष राधेश्याम यादव सीडीपीओ गीता भारती रामलाल चौरसिया शोभनाथ यादव चंद्रप्रकाश देवानंद राजमणि जय नाथ प्रजापति शीला मंजू निधि मिश्रा रामा शंकर पाल रामपाल प्रतिमा सिंह सहित क्षेत्र के अध्यापक गण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु की गयी बैठक

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के कुशल निर्देशन में दिनांक 11 फरवरी 2023 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर के अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में अधिवक्तागण से विचार विमर्श हेतु प्री–ट्रायल बैठक पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर भुदेव गौतम की अध्यक्षता एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर प्रशांत कुमार के संयोजन में आज दिनांक 18.01.2023 को न्यायालय/कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर में समय दोपहर 2:30 बजे आयोजित की गयी। बैठक में विचार–विमर्श करते हुए श्री भुदेव गौतम, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण जौनपुर द्वारा मोटर दुर्घटना दावा के अधिवक्ताओं को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित वादों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह–समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण कराये जाने का आह्वान किया गया तथा कहा गया कि समझौता पत्र मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में प्रस्तुत कर वादों का निस्तारण कराया जा सकता है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आप अधिकरण से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। उनके द्वारा नियमानुसार पूर्ण सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी प्रशांत कुमार द्वारा उपस्थित समस्त अधिवक्तागण से अपील की गयी कि अधिकाधिक वादों का निस्तारण कराकर लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। उपस्थित अधिवक्ता गण द्वारा अधिकतम वादों के निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर लोक अदालत हेतु गठित एम0ए0सी0टी0 पीठ के सदस्य अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव व अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## दीवार के मलबे में दबकर मजदूर की मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बुधवार को कोतवाली नगर क्षेत्र में राम पथ मार्ग पर साहबगंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत स्थित रामजानकी मंदिर के बाहर दीवार की तोड़ाई करते समय अचानक दीवाल गिरने से 60 वर्षीय एक मजदूर की मलबे में दबकर दर्दनाक मौत हो गई।जिसके चलते आसपास का माहौल गमगीन हो गया।इस संबंध में सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि साठ वर्षीय मृतक मजदूर बेनीगंज चौकी साहबगंज निवासी धर्मदेव सोनकर की मृत्यु उस समय हो गई जब वह दीवाल के नीचे दबकर मौत हो गई।मालूम हो कि राम पथ मार्ग का चौड़ीकरण होने के चलते इस समय इस मार्ग के दोनों ओर मकानों व दूकानों का ध्वस्तीकरण अभियान चल रहा है। जिसके चलते मृतक मजदूर राम जानकी मंदिर साहबगंज के सामने स्थित दीवार को तोड़ने का कार्य कर था कि तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया।

## उद्योगपति यूपीजीआईएस बैठक में भाग लें –कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय कुलपति सभागार में बुधवार को जनपद के उद्योगपतियों के साथ कुलपति ने बैठक की। यह बैठक 10 से 12 फरवरी को उत्तर प्रदेश शासन में होने वाली निवेशकों की बैठक के संदर्भ में बुलाई गई। इस बैठक में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने जनपद के उद्योगपतियों को उप्र सरकार की बैठक में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कहा कि आप जिले के उद्योग इत्र और चमेली के तेल के बारे में प्रस्ताव देकर इन्वेस्ट कर सकते हैं। 10 से 12 फरवरी कि लखनऊ में होने वाली उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट(यूपीजीआईएस) में इन्वेस्ट की शर्तों और सरकार द्वारा उद्योगपतियों को दी जाने वाली सुविधा के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन की ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 की बैठक में भाग लेकर प्रदेश और देश की व्यवस्था में को मजबूत बनाए। सरकार उप्र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कर रही है। इसका मुख्य उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था को ठीक करने का है। भारत सरकार की मंशा अर्थव्यवस्था को लेकर एकदम पारदर्शी है वह हर स्तर पर प्रयास कर रही है। इस कारण वह वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट पर भी काम कर रही है। संचालन प्रो अविनाश पाथर्डीकर और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. मानस पांडेय ने किया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह उद्योगपति ज्ञान प्रकाश सिंह, हर्षित अग्रवाल, श्याम मोहन अग्रवाल, अरविंद सिंह, अतुल सिंह, संजीव मोहन अग्रवाल, मनोज अग्रहरि, प्रो मानस पांडेय, डॉ अमित वत्स, डॉ. सुनील कुमार, सहायक कुलसचिव अजीत सिंह, बबिता सिंह, डॉ लक्ष्मी प्रसाद मौर्य आदि उपस्थित थे।

# मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी की बैठक संपन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार की अध्यक्षता में 23 जनवरी 2023 को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर सड़क सुरक्षा के तहत मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी की बैठक की गयी। जिलाधिकारी ने शासन द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार सभी कार्यक्रम आयोजित करने हेतु सभी विभागों को निर्देश दिये गये। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर राजकीय इंटर कालेज सभी तहसीलों व विकासखण्डों में अपने–अपने प्रांगण के साथ किसी महत्वपूर्ण स्थल पर मानव श्रृंखला एवं शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम आयोजित कराया जाय। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी सभी विद्यालयों में मानव श्रृंखला बनाने के साथ शपथ ग्रहण कराने व बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिये है। उन्होंने सभी कार्यक्रमों के फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि जिन स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित होना हो उस स्थल पर मानव श्रृंखला हेतु समस्त प्रतिभागियों को कार्यक्रम स्थल पर प्रातः 10:30 बजे अनिवार्य रूप से एकत्रित कर लिया जाय तथा मानव श्रृंखला निर्माण का प्रारम्भ पूर्वान्ह 11 बजे शासन द्वारा निर्धारित किया गया है जिसका कड़ाई से अनुपालन कराया जाय। मानव श्रृंखला के समापन के पश्चात सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा शपथ अनिवार्य रूप से ग्रहण कराया जाय। उन्होंने बताया कि तहसील स्तर के कार्यक्रम के लिए उपजिलाधिकारी तथा ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम के लिए खण्ड विकास अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे तथा जनपद स्तर के कार्यक्रम के लिए अपर जिलाधिकारी नगर नोडल अधिकारी होंगे। सभी कार्यालयाध्यक्षों को भी अपने–अपने कार्यालय के अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को भी कार्यालय के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर सड़क सुरक्षा शपथ दिलाने के निर्देश दिये है। कार्यक्रम में एन0जी0ओ0, स्वयंसेवी संगठनों, सामाजिक संगठनों, एन0एस0एस0, एन0सी0सी0 व स्काउट गाइड के बच्चों को आमांत्रित करने का निर्देश दिया गया है। सभी स्कूल एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अपने–अपने विद्यालय के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित करायें। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों व कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों को आयोजित समारोह में आम जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये है। उन्होंने आगे कहा कि कार्यक्रम में ऐसे पीड़ित परिवारों के सदस्य जिन्होंने बिना हेलमेट और बिना शीट बेल्ट लगाये अपने प्रियजनों को दुर्घटना में खोया हो, के आगे के जीवन में आने वाली समस्याओं व परेशानियों को साझा करने के साथ जिन लोगों ने किसी भी दुर्घटना में आगे आकर किसी भी व्यक्ति की जान बचायी हो और उसे समय से अस्पताल पहुंचाया हो, को बुलाने के अनुभवों व उससे मिलने वाले आत्मसम्मान को साझा करने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने बैठक में आम जनमानस को दोपहिया वाहन चलाते समय स्वयं व पीछे व्यक्ति को वी.आई.एस. मानक वाले हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन चलाते समय हमेशा शीट बेल्ट लगाने, लेन ड्राईविंग के नियमों का पालन करने, तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के मदद हेतु सदैव तत्पर रहने के प्रति जागरूक करने का भी आहवान किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर श्री सलिल कुमार पटेल, समस्त उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, परिवहन विभाग के अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर नगर आयुक्त एवं विद्यालयों के प्रधानाचार्य सहित सड़क सुरक्षा से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे। डीएम नितीश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष मा0 न्यायमूर्ति श्री राम औतार सिंह तथा सदस्यगण श्री चोब सिंह वर्मा, श्री महेन्द्र कुमार, श्री बृजेश कुमार सोनी व श्री सन्तोष कुमार विश्वकर्मा जी का भ्रमण जनपद अयोध्या में दिनांक 19 जनवरी 2023 को सर्किट हाउस में प्रस्तावित है। उन्होंने आगे बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष मा0 न्यायमूर्ति श्री राम औतार सिंह तथा सदस्यगण श्री चोब सिंह वर्मा, श्री महेन्द्र कुमार, श्री बृजेश कुमार सोनी व श्री सन्तोष कुमार विश्वकर्मा जी अपरान्ह 1:00 बजे सर्किट हाउस में अयोध्या मण्डल के समस्त जिलाधिकारियों, अपर जिलाधिकारी (प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय) व नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसी क्रम में नगर निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनैतिक प्रतिनिधित्व के सम्बन्ध में अनभवजन्य साक्ष्य एकत्रित किया जाना है। उस हेतु आयोग के द्वारा यह निर्णय किया गया है कि उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से नगर निकायों के जनप्रतिनिधि जैसे मेयर/उप मेयर/पूर्व मेयर/पूर्व उप मेयर/नगर पालिका अध्यक्ष/नगर पालिका उपाध्यक्ष/पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष/पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष/नगर पंचायत अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, सदस्य व कुछ जातीय संगठनों/संस्थाओं/पक्ष व विपक्ष के प्रतिनिधियों का मत राजनीतिक आरक्षण के सम्बन्ध में जाना जाय। उक्त के सम्बन्ध में अपना लिखित अभिमत एक सप्ताह के अन्दर प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय अयोध्या के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि आयोग के द्वारा मण्डल स्तर पर की जाने वाली सभा गोष्ठी (बैठक) में भी ऐसे व्यक्ति अपना लिखित अभिमत/विचार आयोग को स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह ने दी है।

# 112 पुलिस मामले को गंभीरता से लेती तो बच सकती थी आगजनी व मारपीट की घटना

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कुमारगंज थाने के ग्राम अमावा छीटन में आगजनी व मारपीट के मामले में पुलिस ने घायल हरकेश की मां फूलमती की तहरीर पर जानलेवा हमला व आगजनी सहित कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। घायल हरकेश का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालत गंभीर बनी हुई है। बताया गया कि ग्राम अमावा छीटन में पिठला गांव निवासी माता प्रसाद पासी के दरवाजे पर मंगलवार को देर शाम गांव के ही राजकुमार सिंह तलवार लेकर परिवार वालों को गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दे रहे थे। तभी परिजनों ने 112 पुलिस को सूचना दिया था। सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न करके खानापूर्ति कर वापस चली गई। यही नहीं यदि 112 पुलिस स्टेशन अफसर को भी सूचना दे देती तो भी घटना होने से बच सकती थी। परिजनों ने बताया कि राजकुमार तलवार लेकर दरवाजे पर पहुंचे और जबरन दरवाजा खोलने को कहते हुए गाली गलौज देने लगे। दरवाजा न खोलने पर आग लगाने की धमकी देने लगे कुछ देर तक दरवाजा न खुलने पर उन्होंने दरवाजे के सामने स्थित छप्पर में आग लगा दिया। जिससे विवश होकर जब परिवार वाले दरवाजा खोलकर आग बुझाने के लिए बाहर आए तो पुनः हमलावर होकर राजकुमार ने माता प्रसाद के पुत्र हरकेश के ऊपर तलवार से वार कर घायल कर दिया। घायल युवक के परिजनों ने राजकुमार सिंह को भी लाठी–डंडों से पीट–पीटकर लहूलुहान कर दिया।

# बिना विद्यालय गए 39 माह तक परिचारक लेता रहा वेतन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीयादवेश इन्टरकालेज नौपेड़वा में वर्ष 2019 में तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश पर नियुक्त परिचारक 39 माह तक गुपचुप ठंग से वेतन लेता रहा। मामला जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के संज्ञान में आते ही परिचारक का वेतन आनन–फानन में रोक दिया गया। मामले को बदलापुर विधायक रमेशचंद्र मिश्र ने संज्ञान में लेते हुए जांच की मांग की है। ज्ञात हो कि जनपद के श्रीमती धर्मराजी देवी गंगा प्रसाद सिंह इन्टरकालेज खोइरी सोतीपुर में परिचारक के पद पर कथित तौर पर तैनात गिरीश कुमार यादव का वर्ष 2019 में विभागीय कारणों से वेतन अवरुद्ध कर दिया गया। विभागीय अफसरों की मिलीभगत से तथ्य को छिपाते हुए तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक बृजेश मिश्रा के आदेश पर श्रीयादवेश इन्टर कालेज नौपेड़वा में 4 जुलाई 2019 को कार्यवाहक प्रधानाचार्य ब्रह्मदत्त यादव व प्रधानाचार्य की प्रबन्धक पत्नी मालती देवी द्वारा उसी गिरीश कुमार यादव को परिचारक के पद पर कूटरचना कर ज्वॉइन करा दिया। वर्ष 2020 में परिषदीय परीक्षा में कार्य की अधिकता को देखते हुए तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक बृजेश मिश्रा के ही आदेश पर उसे मुख्यालय सम्बद्ध कर दिया गया। परीक्षा समाप्त होते ही पुनः गिरीश को न्यायालीय कार्य में प्रभावी पैरवी हेतु प्रयागराज के कार्यों को सौंप दिया गया। आश्चर्य इस बात की है कि आज तक विद्यालय अथवा कार्यालय पर कही भी उपस्थिति नही रही। उधार विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से वेतन आहरित होता रहा। सुगबुगाहट होते ही बीते वर्ष अक्टूबर माह से आनन–फानन में वर्तमान जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र देव पांडेय ने वेतन अवरुद्ध कर दिया गया। सूत्रों की माने तो उक्त परिचारक को तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक बृजेश मिश्रा ने अपने प्रयागराज आवास पर निजी नौकर के रूप में रख कर घरेलू काम करवा रहे है। अपने प्रभाव के बल पर उसका वेतन यहाँ से आहरित करवा रहे थे। बृजेश मिश्र जनपद में तैनाती के दौरान अपने विभागीय कारनामों के लिए काफी चर्चा में रहे है। बलिया में गत वर्ष बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक करने के मामले में गिरफ्तार भी हुए थे। काफी समय जेल में रहे फिलहाल जमानत पर है। प्रतापगढ़ जौनपुर और बलिया में तैनाती के दौरान बृजेश मिश्रा अपने कारनामों के कारण चर्चित रहे है। इस सम्बंध में बदलापुर के विधायक रमेशचंद्र मिश्र ने कहा है कि यह अत्यंत गंभीर मामला है। इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच के लिए वह माननीय मुख्यमंत्री और माध्यमिक शिक्षा मंत्री को पत्र लिखेंगे। परिचारक गिरीश कुमार का मामला संज्ञान में आते ही वर्तमान जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव के आदेश पर उनका वेतन रोक दिया गया है। इसके पूर्व कार्यवाहक प्रधानाचार्य व प्रबन्धक द्वारा उन्हें ज्वाईन कराया गया था। परिचारक को मेरे द्वारा तीन पत्र भेजकर जानकारी मांगी गई कि वर्तमान में आप कहा कार्य कर रहें है। कोई जवाब न मिलने पर लिखित सूचना डीआईओएस को दिया। उनके निर्देश पर वेतन रोक दिया गया है।

# धूमधाम से मनाया गया संत भीखादास रामजस समूह का 38 वाँ वार्षिकोत्सव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अमानीगंज खंडासा के संत भीखादास रामजस समूह मोहली का 38 वां वार्षिकोत्सव बुधवार को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समूह के 8 शिक्षण संस्थानों के छात्र छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थापक प्राचार्य एनसी तिवारी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में स्थित संत भीखा दास रामजस शिक्षण समूह की संस्थाएं निरंतर शिक्षा की ज्योति जला रही हैं अनेक छात्र संस्थान में अध्ययन कर रोजगार प्राप्त कर चुके हैं। मेडिकल, कानून और शिक्षा के क्षेत्र में अनेक मेधावी छात्रो को शिक्षण संस्थान ने जन्म दिया है। शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उपलब्धि हासिल करने वाले इस ग्रामीण क्षेत्र के महाविद्यालय से मैं स्वयं को भी गौरवान्वित महसूस करता हूं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया की कड़ी मेहनत के साथ शिक्षा अर्जित कर ऊंचाई को प्राप्त करें। अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान के संस्थापक एनसी तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय की स्थापना और उसे निरंतर प्रगति पर ले जाने में क्षेत्रवासियों का हमेशा सहयोग रहा है जिसके लिए मैं उन सभी का आभार व्यक्त करता हूं। अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ देव कुमार दुबे ने किया। संस्थान के छात्रों द्वारा प्रस्तुत की गई कारगिल युद्ध की झांकी से दर्शकों में 1999 का युद्ध एक बार फिर से जीवंत हो उठा। उपस्थित समूह ने कारगिल झांकी की खूब सराहना की। इसके अलावा संस्थान के विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। वार्षिकोत्सव के अवसर पर समूह के निदेशक डा० सर्वेश तिवारी, डा० शैलेष तिवारी, ओम प्रकाश तिवारी, बार एसोसिएशन मिल्कीपुर के अध्यक्ष पवन शुक्ला, डा० वीरेन्द्र तिवारी, शीतला बाजपेई, भवानी फेर मिश्र, बंशीधर द्विवेदी, लल्लू तिवारी, राजू पाठक, बब्बन शुक्ला, शिक्षक नेता जय हिन्द सिंह, अरुण द्विवेदी, अमित सिंह, नीरज मिश्रा, ओमप्रकाश सिंह, संदीप शुक्ला, मनोज दुबे, प्रदीप श्रीवास्तव, सुधाकर सिंह, समरजीत सिंह सहित भारी संख्या में अनेक विद्यालयो के प्रबंधक प्रधानाचार्य एवं सामाजिक लोग संत भीखा दास ग्रुप के विभिन्न कॉलेजों के छात्र उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स कॉलेज को हरा वाराणसी मंडल का खिताब पर कब्जा : पुरस्कृत हुई विजेता व उपविजेता टीम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राज्य समन्वय जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ को पराजित कर वाराणसी मंडल ने खिताब पर कब्जा कर लिया। मुख्य अतिथि एसएसपी मुनिराज ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में क्षेत्रीय खेल कार्यालय की ओर से डाभासेमर स्थित डॉ. अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित राज्य समन्वय जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता का बुधवार को पुरस्कार वितरण के साथ समारोहपूर्वक सम्पन हुई। प्रतियोगोता का फाइनल मुकाबला स्पिरिट्स कॉलेज लखनऊ व वाराणसी मंडल के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण व रोमांचक खिताबी मुकाबले के पहले हाफ में दोनों ही टीम गोल करने में नाकामयाब रहीं। दूसरे हाफ में वाराणसी मंडल के अजय चौहान ने पेनाल्टी शूट का लाभ उठाते हुए बेहतरीन गोल मारकर स्पोर्ट्स कॉलेज टीम पर वाराणसी मंडल को 1–0 से खिताबी जीत दिलाई। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि एसएसपी मुनिराज ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया। इस के पूर्व आरएसओ चंचल मिश्रा ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। आरएसओ मिश्रा ने प्रतियोगिता आयोजन पर संक्षिप्त विवरण दिया और प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से योगदान देने वालो का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर फुटबाल प्रतियोगिता के सभी निर्णायक, क्षेत्रीय खेल कार्यालय के समस्त उपकीड़ाधिकारी, स्टाफ, खेलप्रेमी व खिलाड़ी मौजूद रहे।

# थाना रौनाही अंतर्गत आदर्श चौकी सत्तीचौरा पुलिस द्वारा पेश की गई मानवता की मिसाल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आदर्श पुलिस चौकी सत्तीचौरा NH 27 नेशनल हाईवे पर मौजूद पुलिस के जवानों ने रौनही क्षेत्र के साथ–साथ जिला अयोध्या व उत्तर प्रदेश में पेश की मानवता की मिसाल। क्षेत्र व यात्री कर रहे भूरी भूरी प्रशंसा। हम आपको बताते चलें कि दिनांक 15.01 2023 को कानपुर से अयोध्या जा रहे थे। जैसे ही थाना रौनाही क्षेत्र के बसहा चौराहा के समीप पहुंचे गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्थानीय तथा पुलिस के मदद से घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया गया। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी पर शुभम वर्मा, प्रदीप सिंह,राज वर्मा सवार थे। यह सभी उन्नव व कानपुर के रहने वाले हैं। सोचने वाली बात यह है कि आदर्श पुलिस चौकी पर मौजूद कांस्टेबल धनंजय पासवान व चौकी प्रभारी रवीश यादव द्वारा घायलों को अस्पताल भेजने के तत्पश्चात दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी में मौजूद रूपये व सोने चांदी के जेवरात सहित अन्य सामान को सुरक्षित रखा। मानवता का परिचय देते हुए कांस्टेबल धनंजय पासवान व चौकी प्रभारी रवीश कुमार यादव ने घायलों के परिवारजनों को मानवता की मिसाल को पेश करते हुए सारा सामान घायलों के परिजनों को वापस किया। जिसमें दो सोने का हार, एक टीका, एक झाला, एक लॉकेट,एक जोड़ी झुमकी व पाँच जोड़ी पायल यह सभी जेवरात सोने और चांदी के थे। साथ ही 37000 रूपये तथा गाड़ी के कागज मौजूद थे। दुर्घटनाग्रस्त परिजनों के संपर्क सूत्र पर वार्तालाप के दौरान पत्रकार अमरनाथ यादव से फोन पर बात करते हुए प्रदीप सिंह ने बताया कि रौनाही पुलिस की जितनी प्रशंसा की जाए शायद कम है। गाड़ी में छुटा हुआ सामान मुझे दुसरे दिन प्राप्त हुआ। मेरा सोने चांदी के गहने सहित रुपये व गाड़ी के कागज सहित अन्य सामान मुझे रौनही क्षेत्र अंतर्गत आदर्श पुलिस चौकी सत्तीचौरा पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने मुझे सम्मान पूर्वक वापस किया। मैं प्रदीप सिंह उन्नव व कानपुर के सभी साथी थाना रौनही के अंतर्गत मौजूद NH27 नेशनल हाईवे पर स्थित आदर्श पुलिस चौकी सत्तीचौरा समस्त सिपाही व अधिकारी तथा कांस्टेबल धनंजय पासवान व चौकी प्रभारी रवीश कुमार यादव को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

# विधायक ने हसनामऊ गांव में नवनिर्माण मंदिर व कलश यात्रा का फीता काटकर किया शुभारंभ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पावन नगरी अयोध्या के रूदौली विधानसभा क्षेत्र के गांव हसनामऊ मंदिर मां कोटहिन भवानी पर बुधवार को मूर्ति स्थापना व प्राणप्रतिष्ठा के लिए कलश यात्रा निकाली गई जिसके मुख्य अतिथि रहे विधायक रामचंद्र यादव ने नवनिर्माण मंदिर व कलश यात्रा का फीता काटकर,किया शुभारंभ विधायक रामचंद्र यादव का मंदिर के क्रार्य समिति द्वारा फूलमाला पहनाकर किया भव्य स्वागत विधायक ने क्रार्य समिति के युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए मां का जयकारा लगाया और प्रसाद ग्रहण किया मंदिर परिसर से भारी संख्या मे महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली गांव से होते हुए कोटरा मां काली मंदिर पर महिलाओं ने माथा टेका उसके बाद सरयू नदी पर जलाभिषेक किया गया खैरी गांव मे शिव मंदिर पर महिलाओं ने कलश लेकर परिक्रमा कि कलश यात्रा बैंड बाजों के साथ निकाली गई, जिसमें ग्राम की कन्याएं व महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर चल रही थीं।कलश यात्रा के आगे–आगे मुख्य यजमान अपने सिर पर पोथी लेकर चल रहे थे एवं उसके आगे बैंड बाजे चल रहे थे। बैंड बाजों की धुन पर ग्राम के युवा थिरक रहे थे।जलभराई के दौरान आचार्य अशोक मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण से पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया।इस कलश यात्रा में 500 महिलाओं ने हिस्सा लिया एवं पुरुष व बच्चे सम्मिलित हुए। कलश यात्रा का ग्राम वासियों द्वारा जगह–जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।कथा वाचन आचार्य श्री अशोक मिश्रा, मनोज मिश्रा ने बताया कि मूर्ति स्थापना व प्राणप्रतिष्ठा पूजा प्रथम दिन से लेकर 23 जनवरी तक किया जाएगा उसके बाद 24 जनवरी को भव्य भंडारे का आयोजन किया जायेगा आप सभी भक्तजन भारी संख्या में आकर मां के दरबार में प्रसाद ग्रहण करे,विधायक रामचंद्र यादव के साथ प्रधान कलश यात्रा में जयशंकर मौर्या,शुजागंज चौकी प्रभारी विनय यादव,मनोज कुमार, सुरेंद्रयादव, पप्पू, रामनेवल, बलीराम, राकेश मौर्या, शिवराम यादव, रमेश यादव, रामप्रताप विश्क्रर्मा, अशोक कुमार रावत, व सैकड़ों भक्तजन उपस्थित रहे!

# रामपुर से गोपालापुर मार्ग व रामपुर से दुबेपुर मार्ग की खुदाई कर छोड़ देने से लोगों को भारी कठिनाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रामपुर से गोपालापुर मार्ग व रामपुर से दुबेपुर मार्ग की मरम्मत करने के उद्देश्य से खुदाई करके छोड़ देने से जहां पर आवागमन करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है वहीं पर वाहनों को लेकर गिरने से आवागमन करने में भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा है। जिसके कारण क्षेत्रवासियों में काफी रोष व्याप्त है। प्राप्त विवरण के अनुसार रामपुर से दुबेपुर मार्ग दुबेपुर घाट तक लगभग 7 किलोमीटर तक एवं रामपुर से गोपालापुर मार्ग बसुही नदी तक लगभग 5 किलोमीटर तक की खुदाई कर छोड़ दिया गया है। जिसमें से वाहन कौन कहे मोटरसाइकिल , साइकिल तथा पैदल आना– जाना कठिन हो गया। जिससे फलस्वरूप वाहन सवार लोग काफी चक्कर लगाकर ही रामपुर पहुंच पा रहे हैं। वहीं पर दो पहिया वाहन व साइकिल सवारों को भी आवागमन कर पाना कठिन हो गया है। जिसको लेकर क्षेत्रवासियों में काफी रोष व्याप्त है। लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस बाबत सपा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि खोदे गये सड़क पर यदि रोलर भी चला दिया जाता तो आसपास के लोग व दोपहिया वाहन आवागमन कर लेते, परंतु उसी तरह छोड़ देने से भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है । श्री यादव ने अभिलंब मार्ग की मरम्मत कराने मांग की है।

# समाजसेवी ने बंदियों के लिए पहुंचाई 15 दिन की मौसमी सब्जियां

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंडल कारागार के में निरुद्ध बंदियों को मौसमी सब्जियां उपलब्ध कराने के लिए छावनी परिषद के उपाध्यक्ष रूपेश ओझा की पत्नी व समाजसेवी डॉ नीलम ओझा ने पहल की है। मंगलवार को उन्होंने जेल अधीक्षक से मिलकर करीब 15 दिन के



लिए सब्जी उपलब्ध कराई है। उनकी इस पहल पर जेल प्रशासन ने आभार जताया है। कारागार के नियमों के अनुसार मंडल कारागार में बंदियों के लिए सब्जी खरीदने का प्रावधान नहीं है। कारागार में स्थित करीब 5 एकड़ जमीन में उगाई गई सब्जियों का सेवन ही बंदी करते हैं। बीते दिनों समाजसेवी डॉ नीलम ओझा 5 बंदियों को रिहा कराने के लिए कारागार पहुंची थी तो उन्होंने 15 दिन के लिए बंदियों को मौसमी सब्जियां उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। इसके बाद जेल प्रशासन द्वारा सब्जियों की सूची दी गई। मंगलवार को समाजसेवी अपने टीम के साथ मंडल कारागार पहुंची और आलू, टमाटर, गोभी सहित तमाम मौसमी सब्जियां उपलब्ध कराया।

# सर्राफा व्यापारियों ने एसएसपी मुनिराज का किया सम्मान अभिनन्दन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विगत सालों में सर्राफा व्यापारियों के साथ अयोध्या में हुए अपराध जिसमे महाराष्ट्र के रहने वाले बजरंग तंवर की गिरफ्तारी पर सर्राफा व्यापारियों ने किया एसएसपी मुनिराज जी एवं सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह का सम्मान एवं किया आभार प्रकट प्रमुख रूप से इसमें सागर सोनी, मोहित वेद, राजा मोहन सोनी, राजे वेद आदि शामिल रहे।।सर्राफा व्यापारियों ने एसएसपी अयोध्या मुनिराज जी. का किया सम्मान अभिनन्दन। विगत सालों में सर्राफा व्यापारियों के साथ अयोध्या में हुए अपराध जिसमे महाराष्ट्र के रहने वाले बजरंग तंवर की गिरफ्तारी पर सर्राफा व्यापारियों ने किया एसएसपी मुनिराज जी एवं सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह का सम्मान एवं किया आभार प्रकट प्रमुख रूप से इसमें सागर सोनी, मोहित वेद, राजा मोहन सोनी, राजे वेद आदि शामिल रहे।

# समाज सेवा का दावा करने वाले मानवीय संवेदना पर भी नहीं पसीजे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सूचना पर पहुंचे एनडीए चौकी प्रभारी संतोष कुमार मौर्या के अथक प्रयास के बाद भी गांव का कोई सदस्य दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाने को तैयार नहीं हुआ। जबकि उसी गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में नगर पंचायत क्षेत्र के कई प्रत्याशी भी उपस्थित थे। चौकी प्रभारी ने मौके पर मौजूद नगर पंचायत के भावी प्रत्याशियों से भी मदद मांगी परंतु निराशा ही हाथ लगी। समाज सेवा का दावा करने वाले ये प्रत्याशी मानवीय संवेदना पर भी नहीं पसीजे। निराश चौकी प्रभारी अकेले दम पर दोनों घायलों को उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने प्रथम उपचार करते हुए घायलों को जिला चिकित्सालय भेज दिया था। क्षेत्राधिकारी आशीष निगम ने बताया कि घायल हरिकेश की मां फूलमती ने कुमारगंज पुलिस को घटना की तहरीर दी है, जिसके आधार पर पुलिस ने आगजनी, जानलेवा हमला सहित एससी एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। आगे की विवेचना प्रचलित है।

# सट्टा खिला रहे दो गिरफ्तार : कैलकुलेटर व नकदी बरामद

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जुआ के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने राठहवेली क्षेत्र में छापेमारी कर दो सट्टा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। मौके से कैल्कुलेटर सहित 3760 रुपये बरामद किया है। बुधवार को सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि नगर कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह और स्वाट टीम प्रभारी मो.अरशद की टीम ने आज मोहल्ला इमामबाड़ा राठ हवेली क्षेत्र में संतोष गुप्ता के मकान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान सट्टा लगवा रहे संतोष कुमार गुप्ता निवासी इमामबाड़ा राठ हवेली तथा गुलफाम निवासी दिलखुशा राठहवेली को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 7 सट्टा रजिस्टर,एक सट्टा डायरी,3 मोबाइल फोन, एक कैल्कुलेटर और कुल 3760 रुपये बरामद किया। प्रकरण में नगर कोतवाली में जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज करवा दोनों आरोपियों का चालान किया गया है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।